प्रेस नोट- थाना तिलहर

जनपद-शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दि0- 14.04.2025

थाना तिलहर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 177/25 धारा 231/105 बीएनएस मे वांछित अभियुक्त को गया किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम ,अवैध शराब, चोरी , लूट , डकैती, गौ तस्कर व तलाश वांछित अपराधी व वारन्टी तथा बरामदगी अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ के क्रम मे थाना तिलहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 177/25 धारा 231/105 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र फूलचन्द्र उर्फ मूलचन्द निवासी ग्राम नगरिया तालुका गोपालपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर को थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा मुखविर खास की सूचना पर दिनांक 14.4.2025 को समय करीब 11.15 बजे खानपुर चौराहा थाना तिलहर क्षेत्र के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

1. कुलदीप पुत्र फूलचन्द्र उर्फ मूलचन्द निवासी ग्राम नगरिया तालुका गोपालपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 24 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 177/25 धारा 231/105 बीएनएस थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 177/25 धारा 231/105 बीएनएस थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 0462/19 धारा 323, 325, 504, 506 भ.द.वि. थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

विवरण पूछताछः-

अभियुक्त कुलदीप द्वारा बताया गया कि मैं पिछले पाँच छः साल से इण्डस्ट्रियल एरिया सिडकुल टी0सी0पी0एल0 कम्पनी लेबर चौक के सामने ठेकेदार एस0 फोर मुन्ना के अण्डर में काम कर रहा हूँ मैं पढ़ा लिखा नही हूँ लेकिन दस्तखत कर लेता हूँ। मैं 31.03.2025 को हरिद्वार से अकेला चलकर अपने मामा छोटे डाक्टर के घर गाँव समधाना थाना कटरा जिला शाहजहाँपुर के यहाँ दिनांक 01.04.2025 को पहुँचा था और वही पर रुका रहा। दिनांक 08.04.2025 को शाम के समय मैने समधाना से ही दो पौआ खरीदे थे और एक पौआ वही

गाँव में पी लिया था और एक पौआ जेब में रख लिया था। मैने मन बनाया कि मै आज अपने गाँव जाऊँगा और अपने ताऊ शिवसरन व तहेरे भाई शिवपाल से किसी भी तरीके से आज अपने पिता वाली जमीन लेने के सम्बन्ध में बात करूँगा साहब मुझे मजदूरी का काम करते हुये नशे की लत लग गयी है अब मैं शराब के अलावा गाँजा भांग चरस जो भी मिल जाये नशा कर लेता हूँ। उसके बाद करीब 9 बजे के आसपास मैं पैदल पैदल ही समधाना से तिलहर आया एवं तिलहर बाईपास पुल से आगे मैने बरेली की ओर से आ रही एक डीसीएम को हाथ देकर रुकवाया और उसमें बैठकर थोड़ी देर बाद मैं नगरिया मोड़ चौकी के आगे उतर गया था और पैदल चलकर थोडे ही आगे हाइवे किनारे सोनू ढाबा पर पहुँचा वहाँ पर एक चौबीस पच्चीस साल का लड़का मिला था जो गरीब एवं मन्द बुद्धि का लग रहा था मैने उससे पूछा कि पियोगे बोला पिलाओ तभी मै ढाबा के साइड में पीछे शराब के ठेके पर गया लेकिन ठेका बन्द हो चुका था तो मैने बाहर खोखे से कोल्ड्रिंग ,चिप्स व दो डिस्पोजल ग्लास लिये और उस लड़के को लेकर वापस सड़क के किनारे किनारे चलकर बन्थरा गैस एजेन्सी के सामने से सड़क पार करके नीचे चकरोड पर गया एवं लाला की खेत की बाउण्ड्री के पीछे खाली खेत जिसमें गेहूँ की पराली पड़ी थी वहीं हम दोनो बैठ गये वहाँ बैठकर हम दोनो ने कोल्ड्रिंग मिलाकर शराब पी थी। थोड़ी ही देर में शराब पीने के बाद मेरे साथ वाले लड़के ने अपनी टी शर्ट व जूते उतार कर अलग रख दिये एवं गेहूँ की पराली पर लेट गया उसे नशा हो गया था इसी बीच मैने कैप्स्टन सिगरेट पीने के लिये माचिस की तीली जलाई और सिगरेट लगाकर जो पराली पर नशे की हालत में लेटा था जल गया था। मैने आग बुझाने का प्रयास किया तो आग नही बुझी जिससे मेरे साथ आया लड़का बुरी तरह से जलने लगा मैं घबरा गया और मेरे दिमाग में आया कि अब क्या करुँ तो मैने अपने ताऊ शिवसरन व तहेरे भाई शिवपाल को फंसाने की योजना बनायी। रात के अंधेरे में आग देखकर खेतो वाले आ गये थे और मुझसे पूछने लगे कि तुमने आग क्यो लगाई तो मैने अपने ताऊ व तहेरे भाई का नाम बता दिया कि इन्होने जलाया है लेकिन गाँव वाले ज्यादा पूछताछ करने लगे तो मैने अपने फोन से 112 पुलिस को फोन कर दिया कि मेरे दोस्त को इन लोगो ने जलाकर मार दिया है और मेरे रुपये छीन लिये हैं और मेरे साथ मारपीट की है। कुछ देर में 112 नं0 पुलिस आ गयी और मुझसे पूछताछ करने लगी तो मैने उनको भी यही बताया कि मेरे ताऊ व उनके साथ दो तीन अन्य लोगो ने मेरा दोस्त संदीप जो मेरठ से मेरे साथ आया था उसको जला दिया है एवं मुझे मारा पीटा मैं बेहोश हो गया था थाने से फोन आया था तो मैने उनको भी यही बात बतायी थी। जब 112 नं0 पुलिस वाले मरे व्यक्ति को देखने लगे तो मुझे लगा कि गाँव के लोग पुलिस को सही बात बता देगे और में पकड़ा जाऊँगा तो मैं वहाँ से मौका पाकर भाग गया था।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. निरीक्षक उ0नि0 सुकेन्द्रपाल सिंह थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. हे0का0 239 ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर।
3. का0 1313 सन्नी तोमर थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर।